**Regarding need to establish a Kendriya Vidyalaya at BSF campus in Mahesana Parliamentary Constituency, Gujarat-Laid**

श्री हरीभाई पटेल **(महेसाणा) :** मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा लोकसभा क्षेत्र में मात्र एक ही केन्द्रीय विद्यालय संगठान के अर्न्तगत एक मात्र केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी. कैम्पस में संचालित किया जा रहा है । जहां मेहसाणा लोकसभा मे पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण विद्यालय में अन्य विद्यार्थी प्रवेश प्राप्त करने से वंचित रह जाते है तथा क्षेत्र की जनता की लम्बे समय से मांग है कि मेहसाणा लोकसभा में बी0 एस 0 एफ 0 कैम्पस में रह रहे कर्मचारियों/अधिकरियों के बच्चों व अन्य क्षेत्रीय बच्चों के लिए नये केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना कराई जाए । अतः मैं माननीय शिक्षा मंत्री जी भारत सरकार से अनुरोध करता हूँ कि मेहसाणा लोकसभा क्षेत्र के बी.एस.एफ. कैम्पस में नये केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना कराई जाए तथा केन्द्रीय विद्यालय की संख्या बढ़ाने पर विचार कर शीध्र ही नये केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना कराने की कृपा करें ।